## एक नजर में

### वरिष्ठ नागरिकों के लिए हैल्प लाईन 14567

**राजगढ़ 28जनवरी, का.** वरिष्ठजन के साथ शारीरिक या भावनात्मक रूप से दुर्व्यवहार किया जा रहा है, तो वह एल्डरलाइन नंबर 14567 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार तथा सामाजिक न्याय और निशक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं एवं मार्गदर्शन हेतु सहायता के लिए हेल्पेज इंडिया द्वारा हेल्पलाइन टोल फ्री नम्बर जारी किया गया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्थापित एक योजना है, जो मप्र के सभी जिलों में संचालित है. यह हेल्पलाइन सप्ताह के सातों दिन सुबह 08 बजे से रात 08 बजे तक कार्य करती है.

### जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित

**राजगढ़ 28 जनवरी, का.** कलेक्ट्र डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन/किसानों पंजीयन 07 फरवरी2026 से 07 मार्च 2026 तक किया जाएगा। समर्थन मूल्या पर गेहूं उपार्जन हेतु समस्या ओं का निराकरण करने के लिए जिला स्तगरीय कंट्रोल रूम जिला सहकारी केन्द्री य बैंक मर्यादित राजगढ़ राजमहल परिसर में स्थापित किया गया है. जिसका दुरभाष क्रमांक 07372-255179 है.

### 20 सागौन सिल्लियां जब्त, पूछताछ जारी

**सुठालिया 28 जनवरी, सं.** मुखबिर से सूचना पर ग्राम नरी तहसील सुठालिया से बनवारी विश्कर्मा के घर से 20 सागौन सिल्ली जब्त की गई .कार्यवाही में अर्जुन शर्मा वन चौकी प्रभारी सुठालिया, दिनेश नागर परिक्षेत्र सहायक व्यावरा, जिंतेंद्र सौंधिया, संदीप नागर वनरक्षक का सहयोग रहा. आरोपी से पूछताछ जारी है.



## मां भैंसवाधाम पर 108 कुण्डीय शतचण्डीय यज्ञ होगा, ध्वज स्थापना की परंपरा पूरी हुई



# नवरात्रि से 50 दिन पहले इंद्रध्वज स्थापित

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 28 जनवरी, सं.** ग्राम भैंसवा माताजी में बुधवार को चैत्र नवरात्रि में माता बिजासन धाम भैंसवा माताजी में आयोजित होने वाले पंचम 108 कुंडीय श्री शतचंडी महायज्ञ की सफलता एवं लोककल्याण की मंगलकामना के लिए विधिवत माता बिजासन की पूजा-अर्चना की गई. इस अवसर पर जगतजननी माँ भगवती से यज्ञ की निर्विघ्न सम्पन्नता के लिए प्रार्थना की गई तथा ग्राम में विराजित समस्त देवी-देवताओं का आव्हान किया गया. सबसे पहले ग्राम पटेल भागीरथ प्रसाद नागर के नेतृत्व में , भंवर पूरी गोस्वामी ,विष्णु सेन ,सरदार सिंह प्रजापति ,भागीरथ मालवीय द्वारा ग्राम की सीमा में विराजित सभी देवी देवताओं का पूजन परम्परागत तरीके से किया गया.

उसके बाद माता बिजासन की पूजा-अर्चना उपरांत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञाचार्य पंडित इंद्रजीत पाराशर, ग्रामाचार्य ओम प्रकाश पाठक ,पंडित अनिल व्यास द्वारा इंद्र देव का आव्हान किया गया विधिविधान विधिवत इंद्र ध्वज पूजन किया गया एवं इंद्र ध्वज का शुभारोहन किया गया, जिससे क्षेत्र में सुख-समृद्धि, वर्षा, शांति एवं कल्याण का संचार हो. इस पावन अवसर पर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर,पटेल भागीरथ प्रसाद नागर,मुख्य यजमान सत्यनारायण माहेश्वरी ,पुजारी कैलाश पण्डाजी,जनपद उपाध्यक्ष कैलाश नागर ,पन्नालाल नागर ठेकेदार,समाजसेवी हेमराज पटेल ,विष्णु नागर शिव सेठ ,राजेश भंडारी,दुर्गेश पण्डाजी ,बिट्ठल नागर दुर्गेश प्रजापति , तथा आयोजन समिति के सभी वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे.

इस वर्ष चैत्र नवरात्र के अवसर पर आयोजित होने वाला यह महायज्ञ पांचवां 108 कुंडिय महायज्ञ होगा जो चैत्र के गुड़ीपड़वां एकम 19 मार्च को शुरू होगा. इसी दिन विशाल कलश यात्रा के साथ विधिवत यज्ञ की शुरुआत हो जाएगी इसी दिन शाम 4 बजे से रामकथा की शुरुआत होगी नो दिन तक चलने वाले महायज्ञ एवं रामकथा का समापन रामनवमी के पावन अवसर पर दिनांक 27 मार्च को यज्ञ पूर्णाहुति ओर रामकथा का समापन वा महाप्रशादि का वितरण किया जाएगा. वही इस बार प्रेममूर्ति पंडित प्रेमभूषण महाराज अयोध्या धाम द्वारा कथा व्यास पीठ पर विराजित होंगे.

# प्रभात फेरी में छात्राओं पर गंदगी फेंकी

## छापीहेड़ा का मामला : छात्राओं ने चक्का जाम किया, थाने में शिकायत की, नागरिकों ने कृत्य की कड़ी निंदा की

नवभारत न्यूज

**छापीहेड़ा 28 जनवरी, सं.** नगर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर कन्या माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं द्वारा अपनी शाला में झंडा वंदन करने के बाद प्रभात फेरी निकालते समय शाला भवन परिसर के पास निवासरत लोगों ने छात्राओं पर गंदगी के डायपर फेक छात्राएं झंडा वंदन के लिए नगर परिषद में राष्ट्रगान कर बस स्टैंड परिसर में झंडा वंदन किया जब प्रधानाध्यापक नंदराम मालवीय ने थाना प्रभारी संगीता शर्मा को इस बारे में मोबाइल से बताया तो उनका जवाब संतोष प्रदाय नहीं था उन्होंने कहा मैं क्या करूं आक्रोश में आकर छात्राओं



द्वारा स्टेट हाईवे पचोर जीरापुर रोड पर जाम लगा दिया अनंत फानन में थाना प्रभारी मौके पर पहुंची जाम खुलवाने को कहा नहीं तो कार्यवाही करूंगी छात्राओं ने इंकलाब जिंदाबाद के नारे लगाए प्रधान अध्यापक ने कहा मेरे पर कार्यवाही करो शाला परिसर में जाकर गंदगी देखो रोड के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई. पुलिस द्वारा पास ही निवासरत लोगों को समझाया तब जाकर छात्राओं द्वारा जाम खोला नगर परिषद को पता चलते ही सीएमओ हरिओम शर्मा नगर परिषद टीम तथा जनप्रतिनिधि मौके पर पहुंचे और सफाई कर्मचारी द्वारा सफाई करवाई शाला परिसर के गेट के बाहर प्रतिदिन छोटे बच्चों द्वारा सोच किया जाता है जिससे छात्राओं के पेर जूते गंदे होते हैं तथा बदबू के कारण बैठना मुश्किल होता है.

### शिक्षकों ने कहा, कई बार आवेदन दे चुके लेकिन नहीं होती है कार्यवाही

शिक्षकों का कहना है कि घटना के संबंध में उन्होंने संबंधित थाने एवं स्थानीय प्रशासन को कई बार लिखित आवेदन देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया. कार्रवाई न होने से आहत शिक्षकों ने मजबूरन बच्चों के साथ सड़क पर उतरकर रोड जाम किया. शिक्षकों एवं अभिभावकों ने स्पष्ट कहा है कि राष्ट्रीय पर्व पर बच्चों के सम्मान और सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. घटना के बाद पूरे क्षेत्र में इस कृत्य की कड़ी निंदा की जा रही है.

### विवाह हमें प्रेम, समर्पण और भक्ति का संदेश देता है

**पडाना 28 जनवरी, सं.** नगर के जाटव मोहल्ले में स्थित प्राचीन खेड़ापति हनुमान मंदिर के समीप ग्रामीण जन सहयोग से दोपहर 12 बजे से 3 तक कथा वाचिका ऋचा मिश्रा अयोध्या के मुखारविंद से चल रही श्री राम कथा के तीसरे दिन शिव-पार्वती का विवाह प्रसंग सुनाया गया. कथावाचक ऋचा मिश्रा ने बताया कि शिव-पार्वती का विवाह प्रेम और समर्पण का प्रतीक है. भगवान शिव ने पार्वती को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी. जबकि भगवान राम का अश्व पर सीधे बैठना हमें धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे.

# सीनियर छात्रों को विदाई दी

नवभारत न्यूज

**पचोर 28 जनवरी, सं.** नगर के आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में कक्षा 11 के छात्रों द्वारा भव्य विदाई समारोह सायोनारा का आयोजन हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया. विद्यालय के अध्यक्ष दीपक गोयल, डायरेक्टर दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवंलप्रीत एवं आधार ब्लॉक की एच ओ डी रियांशी गोयल की गरिमामय उपस्थिति रही. सांस्कृतिक विभाग प्रभारी शिक्षक जितेंद्र सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में हुआ. वरिष्ठ विद्यार्थियों के लिए मनोरंजक खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया जिनका सभी ने भरपूर आनंद उठाया. प्रमुख आकर्षण का केन्द्र विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शानदार समूह नृत्य रहा. सीनियर्स को उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया. प्रियांशु बैंसोंदिया एवं समर सोलंकी तथा वैभवी राठौड़ एवं वैदेही राठौड़ ने संचालन किया. स्वागत भाषण पूर्णिमा चौधरी ने दिया. आभार महक सक्सेना ने माना. डॉ. विकास शर्मा, शिक्षक अनिल द्विवेदी, रोहित शर्मा, आकाश श्रीवास्तव, विवेक गुप्ता, नितिन गोयल, देवेंद्र नरवरिया, आरती मिश्रा ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य शुभकामनाएं दी.

### पेंशनधारियों को फर्जी कॉल से बचने की सलाह

**राजगढ़ 28 जनवरी, का.** साइबर अपराधियों द्वारा पेंशनधारियों को जीवन प्रमाण-पत्र को ऑनलाइन अपडेट करने के संबंध में की जाने वाली फर्जी कॉल से बचाव की सलाह दी है. पेंशनधारक का पूरा डाटा, नियुक्ति दिनांक, पीपीओ नम्बर, आधार नम्बर, सेवानिवृत्ति तिथि जैसी सभी जानकारी उपलब्ध होने के कारण पेंशनधारकों को ऑनलाइन अपडेशन के संबंध में भरोसा दिया जाता है. वर्तमान में साइबर अपराधियों द्वारा पेंशन निदेशालय का हवाला देकर पेंशनरों को पूरा डाटा बताकर जीवन प्रमाण-पत्र अपडेट करने के लिए ओटीपी साझा करने की बात प्रकाश में आई है.

# भव्य एकेडमी में वार्षिक उत्सव समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 28 जनवरी, सं.** भव्य एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, विशेष अतिथि बापूलाल दांगी, पूर्व नपाध्यक्ष अध्यक्ष बलराम टांक, शिवचरण मंडलोई , श्रीराम दांगी, बीईओ राम बाबू पाटीदार , बीआरसी गजेंद्र शर्मा , देवेंद्र शर्मा, जन शिक्षक बालचंद सिंगला, अभिभावक और छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.

विद्यालय संचालक विष्णु




मंडलोई ने अतिथियों का स्वागत किया एवं स्वागत भाषण प्राचार्य स्वामी आचार्य ने दिया. विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए. अतिथियों ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते बच्चों का उत्साह वर्धन किया. कार्यक्रम में खेल शिक्षक राम कैलाश दांगी, शिक्षक नारायण सिंह तोमर, बालकृष्ण विश्वकर्मा, कन्हैया लाल पाटीदार, महेश वर्मा, विजय सेन, हंसराज दांगी, दीपक वर्मा, ललित किरार, संजय दांगी, हेमराज वर्मा, मंजू राठौर, गीता , गिरिजा , रानु कुशवाह, रविना , सलोनी, निशा समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.



### शिशु मंदिर में दीक्षांत समारोह आयोजित

**तलेन 28 जनवरी, सं.** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ. मुख्य वक्ता डॉक्टर सुरेश कुमार बिरमाल (विकासखंड शिक्षा अधिकारी सारंगपुर), अध्यक्षता रूपेश कुमार विश्वकर्मा,विशेष अतिथि चेतन्य स्वरूप माथुर, लखन यादव रहे. प्राचार्य जुगल किशोर शर्मा ने अतिथि परिचय व स्वागत रामेश्वर कुशवाह ने किया. अतिथियों और मुख्य वक्ताओं विद्यार्थियों को भविष्य में उत्तरोत्तर उन्नति करने का मार्गदर्शित किया. कक्षा एकादशी के भैया बहिनों के द्वारा कक्षा द्वादशी के भैया बहिनों को प्रतीक चिन्ह भेंट किए गये.कक्षा द्वादशी के भैया बहिनों के द्वारा अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव कथन रखे गये व विद्यालय को स्मृति चिन्ह के रूप में टी टेबल भेंट की. कार्यक्रम का आभार संजना यादव व संचालन आदित्य शर्मा, ममता कुशवाह ने किया. इस अवसर पर समिति सदस्य श्री धर्मेंद्र कुमार बिंझानी,श्रीमती अपेक्षा अग्रवाल,श्रीमती रजनी माहेश्वरी उपस्थित रहे.

### मानव अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत ऑनलाइन

**राजगढ़ 28जनवरी, का.** मानव अधिकारों के उल्लंघन से संबंधित शिकायतों के निराकरण हेतु आयोग में नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन फ्री पोर्टल पर पत्राचार द्वारा टोल फ्री नम्बर 144334 पर भी कर सकते हैं. राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के मदद सेंटर में उपस्थित होकर लिखित शिकायत दर्ज करा सकते हैं.









# देशभक्ति प्रस्तुतियों के साथ गणतंत्र दिवस समारोह मनाया

नवभारत न्यूज

**तलेन 28 जनवरी, सं. सोमवार को नगर में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्ष उल्लास से मनाया गया. शासकीय व अशासकीय स्कूलों द्वारा प्रमुख मार्गो से प्रभात फेरी निकाली जो पीएम श्री शासकीय उमावि पहुंची. नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव द्वारा ध्वजारोहण किया गया. मुख्यमंत्री संदेश वाचन के बाद पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए.**

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक मोहन शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विनोद यादव, हिंदू धार्मिक उत्सव समिति अध्यक्ष चंद्रर सिंह यादव, श्यामसुंदर राठौड़, सुनील सहगल, दिनेश अग्रवाल, बापूलाल यादव, श्रीमती स्नेहलता तिवारी, नायब तहसीलदार मनोज शर्मा, थाना प्रभारी राकेश दामले, सीएमओ नपा ब्रजेश कुमार आर्य, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र बामनिया, इंजीनियर राजेंद्र यादव व समस्त पार्षद गण उपस्थित रहे. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने नाटक कविता, नृत्य आदि प्रस्तुति दी. अतिथियों द्वारा परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले,खेलकूद में विजेता प्रतिभागियों छात्र छात्राओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम मे प्रथम मास्टरमाइंड,द्वितीय कन्या हाई स्कूल व आदि प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. अच्छे कार्य करने वाले समाजसेवी, प्रशासकीय अधिकारियों, डॉक्टर,व नगर परिषद कर्मचारीयों का सम्मान किया गया. कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अनिल यादव ने किया व सीएमओ ब्रजेश कुमार आर्य ने आभार व्यक्त किया.

### सर्वोदय स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**तलेन 28 जनवरी, सं.** गणतंत्र दिवस पर सामुहिक आयोजन में सर्वोदय पब्लिक स्कूल तलेन के छात्र-छात्राओं ने जय जवान जय किसान विषय पर अपनी शानदार, भावपूर्ण एवं अनुकरणीय प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया. विद्यार्थियों ने अपने सशक्त अभिनय के माध्यम से यह प्रभावशाली संदेश दिया. इन होनहार छात्र-छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी.



### कृष्णा वैली स्कूल में ध्वजारोहण के साथ स्वास्थ्य शिविर

**नवभारत न्यूज, पचोर/छापीहेड़ा 28 जनवरी, सं.** छापीहेड़ा स्थित प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था कृष्णा वैली इंटरनेशनल स्कूल में गणतंत्र दिवस का पर्व उत्साह से मनाया गया. शान के साथ तिरंगा फहराया. बच्चों ने देशभक्ति पर आधारित सुंदर प्रस्तुति दी. नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया. विद्यालय के निदेशक श्रीमान द्वारका प्रसाद गांधी एवं निखिल गांधी द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया. मुख्य अतिथि जे.ई. योगेश चौरसिया, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. भारतीय संविधान, अनुशासन एवं राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला. प्राचार्य प्रसाद तराणेकर ने विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया. यादवेंद्र गुप्ता द्वारा आभार व्यक्त किया. नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में इंदौर स्थित अपोलो हॉस्पिटल के नेतृत्व में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक राठौर द्वारा सेवाएं प्रदान की गई. ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, कैल्शियम जांच, बीएमडी, बोन मैरो जांच सहित समग्र स्वास्थ्य परीक्षण नि :शुल्क किया गया. नि :शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया. आँखों की जांच की गई तथा नि :शुल्क दवाइयां दी गई. चयनित मामलों में ऑपरेशन, आवास एवं भोजन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई. बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया.

### केसी कान्वेंट में उत्साह से मनाया गणतंत्र दिवस

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 28 जनवरी, का.** नगर की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था के.सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल में गणतंत्र दिवस पूर्ण उत्साह के साथ मनाया गया. देशभक्ति से ओतप्रोत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने सुंदर प्रस्तुति दी. संस्था संचालक इंदर सिंह लववंशी ने ध्वजारोहण किया. बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावकगण उपस्थित रहे. महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए गये. बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दी. अर्धवार्षिक परीक्षा, खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को उपहार, ट्रॉफी, मेडल,9 सर्टिफिकेट प्रदान किए गये. उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शिक्षक, शिक्षिकाओं को बेस्ट टीचर अवार्ड से सम्मानित किया गया. संचालन सुरेंद्र कुमार कुशवाहा एवं कीर्ति राजपूत तथा उप प्राचार्य राम जीवन ने किया.



### देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम

**छापीहेड़ा 28 जनवरी, सं.** हाईस्कूल देवलीमान खालसा में गणतंत्र दिवस पर प्रभात फेरी निकालने के पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई. सत्र 2024-25 की वार्षिक परीक्षा कक्षा दसवीं में 75 प्रतिशत से अधिक और 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किया गया. जिसमें घोषणा करता नंदकिशोर शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत देवलीमान जागीर द्वारा बच्चों को 5151 का नगद पुरस्कार, दयालसिंह उमठ द्वारा 5100, रामबाबू वर्मा प्राचार्य द्वारा 2500 और सिद्धप्रताप सिंह सोनगरा द्वारा 1100 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया. इसके साथ ही 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को कालूसिंह सोनगरा द्वारा 501 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान किया गया. कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक शंकरलाल मालवीय, प्रधान अध्यापक, गेंदालाल ना, रामगोपाल दांगी, लक्ष्मीनारायण दांगी, शिवचरण दांगी, सूरजमल नागर, कोमल सिंह दांगी, दिनेश कुमार नागर, कल्याण प्रसाद मेहरा, रामबाबू वर्म, हरिसिंह वर्मा , टीना पाटीदार, राहुल यादव, कमलकिशोर यादव, घनश्याम दांगी उपस्थित रहे.

**In The Court Of Sushri Shreya Sharma, Senior Division, Biaora, District Rajgarh M.P. DistrictPresiding Officer**
सुश्री श्रेया शर्मा

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीस उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000002/2026)
कपिल अग्रवाल .... आवेदक
**Vs**
पोस्ट मास्ट .... अनावेदक
Process Id/2026
पेशी दिनांक 16/03/2026

**प्रेषिती-**
**सर्वसाधारण, आम जनता**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कपिल अग्रवाल पता निवासी स्वरूप नगर ब्यावरा जिला राजगढ़ ने न्यायालय में आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम का आवेदन मृतक हेमलता अग्रवाल पत्नि स्व. राजकुमार अग्रवाल निवासी ब्यावरा की पोस्ट आफिस ब्यावरा में जमा सावधि राशि 5,40,000/- (पांच लाख चालीस हजार रूपये) राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 16 मार्च 2026 को नियत है.

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 16 मार्च 2026को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें. सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा.यह आज तारीख 24 जनवरी 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है.

**न्यायाधीश**
**श्रेया शर्मा**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड**
**ब्यावरा जि. राजगढ़ ( ब्यावरा ) म. प्र.**

1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा.


